Nai Dunia (Indore), 25th April 2023, Page-02

# कृषि क्षेत्र में विकास के लिए आइआइटी और सीआइएई ने किया समझौता

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर व केंद्रीय कृषि इंजीनियरिंग संस्थान (सीआइएई) भोपाल में अनुबंध हुआ है। दोनों संस्थाएं अब कृषि व ग्रामीण विकास क्षेत्र की दिशा में मिलकर काम करेंगी। संस्थाएं एक-दूसरे को शोध में सहयोग करेंगी। साथ ही स्टूडेंट-फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम भी चलाया जाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर आइआइटी के निदेशक प्रो. सुहास जोशी और सीआइएई के निदेशक डा. सीआर मेहता ने किया है। प्रो. जोशी ने कहा कि खेती और कृषि क्षेत्र में योगदान पर शोध किया जाएगा।